**जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिलाधिकारी बरेली की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में दिनांक 22.12.2023 को आयोजित मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत**

जिलाधिकारी, बरेली की अध्यक्षता में दिनांक 22.12.2023 को विकास भवन, बरेली में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत माहवार प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, परियोजना प्रबन्धक मै0 एन0सी0सी0 लि0 (कार्यदायी संस्था) टीम लीडर टी0पी0आई0, सहायक अभियन्ता जल निगम, डी0पी0एम0यू0, व समस्त टीम लीडर आई0एस0ए0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का कार्यवृत निम्नानुसार है–

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समीक्षा बैठक करते हुए निर्देश दिये गये कि :–

1. अधि0 अभि0 जल निगम द्वारा अवगत कराया गया 279 राजस्व ग्रामों में जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। जिसके सम्बन्ध में निर्देश दिये गये कि उनके शेष FHTC शीघ्र ही पूर्ण किये जायें।
2. वर्तमान में जनपद में कुल 09 स्थानों पर अवर जलाशय की भुमि उपलब्ध नहीं है जिसमें 04 स्थानों के बारे में बताया गया कि सरकारी भूमि उपलब्ध होने के वावजूद स्थानीय लोग कार्य में अवरोध उत्पन्न करते है। निर्देशित किया गया कि अवरोध करने वाले के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही करें। अन्य 05 स्थानों पर भुमि की समस्या का समाधान कराने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) को निर्देश दिये गये।
3. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 893 के सापेक्ष 884 नग ट्यूब वेल का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। शेष 09 स्थानों पर भुमि उपलब्धता के साथ–साथ उक्त कार्यो को अति शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।
4. एन0सी0सी0 के प्रतिनिधियों द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में विभिन्न कार्यास्थलों पर जनपद के अन्तर्गत 3600 नग लैवर कार्यरत है एवं 85 कार्यस्थलों पर वर्तमान में कार्य प्रगति पर नहीं है। इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व में कई बैठकों में निर्देश दिये जाने के उपरान्त भी सभी कार्य स्थलों पर आवश्यकता अनुसार लेवर उपस्थित न होने पर नाराजगी व्यक्त की गयी एवं अधिशासी अभियन्ता को फर्म को कार्य के प्रति लापरवाही एवं निर्देशों का पालन न करने के लिए नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये।
5. फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान का कुल 85 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। नवम्वर माह में यह प्रगति 64 नग थी। अतः माह में मात्र 20 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा उक्त प्रगति पर नाराजगी जताते हुए फर्म को अवर जलाशय की प्रगति में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिये गये।
6. जनपद के अन्तर्गत 05 नग आंकाक्षात्मक ब्लॉक में गृह संयोजन के कार्य कराते हुए जलापूर्ति का कार्य प्राथमिकता पर कराने के निर्देश दिये गये। सभी 05 नग ब्लॉक में दमखोदा ब्लॉक की प्रगति सबसे कम पाई गयी एवं उक्त ब्लॉक पर विशेष ध्यान दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी,
बरेली।

प्रतिलिपि–

1. मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।
2. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
3. टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0) बरेली।
4. मै0 एन0सी0सी0 लि0, बरेली।

जिलाधिकारी
बरेली।

Scanned with OKEN Scanner